भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 124
बुधवार, दिनांक 04 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत धनराशि</u>

*124. श्री सुरेश कुमार शेटकरः
श्री इटेला राजेंदरः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएम-एसजीएमबीवाई) के लिए दस हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जिसका लक्ष्य राजसहायता के माध्यम से एक करोड़ घरों में छतों पर सौर सुविधा का संस्थापन करना है और इस योजना के तहत 300 यूनिट बिजली निःशुल्क मिलती है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना के तहत अब तक पूरे किए गए पंजीकरण सहित केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) योजना की वर्तमान स्थिति और इसके तहत अब तक संस्वीकृत/व्यय की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, केंद्रीय उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है।

<u>विवरण</u>

'प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत धनराशि' के संबंध में पूछे गए दिनांक 04.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 124 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग): पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य सौर रूफटॉप क्षमता के हिस्से को बढ़ाना और आवासीय घरों को अपनी बिजली उत्पन्न करने में सशक्त बनाना है। इस योजना का लक्ष्य 75,021 करोड़ रु. के परिव्यय से वित्त वर्ष 2026-27 तक आवासीय क्षेत्र में 1 करोड़ घरों में रूफटॉप सौर स्थापनाओं के लक्ष्य को हासिल करना है।

वर्ष 2024-25 के दौरान, इस योजना के लिए संशोधित अनुमान चरण में 9,600 करोड़ रु. का वित्तीय परिव्यय आवंटित किया गया है।

योजना के राष्ट्रीय पोर्टल पर कुल 1.45 करोड़ पंजीकरण, 26.49 लाख आवेदन प्राप्त होने की सूचना मिली है तथा इस योजना के अंतर्गत दिनांक 28.11.2024 की स्थिति के अनुसार रूफटॉप सौर स्थापनाओं के द्वारा 6.38 लाख परिवारों को लाभ मिला है। इसके अतिरिक्त, इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित उपभोक्ताओं को सीएफए के रूप में 2864.82 करोड़ रु. जारी किए गए हैं। केरल, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा छत्तीसगढ़ राज्यों सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुलग्नक

'प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत धनराशि' के संबंध में पूछे गए दिनांक 04.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 124 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पंजीकरण, आवेदन, लाभान्वित परिवारों तथा सीएफए का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

(दिनांक 28.11.2024 की स्थिति के अनुसार)

| क्र.सं. | राज्य | पंजीकरण (संख्या) | आवेदन (संख्या) | लाभान्वित परिवार (संख्या) | जारी की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 635,849 | 74,669 | 6,826 | 23.21 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1,198 | 84 | - | - |
| 3 | असम | 1,735,032 | 266,898 | 2,904 | 13.22 |
| 4 | बिहार | 932,704 | 53,506 | 2,325 | 9.32 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 230,965 | 26,170 | 784 | 2.21 |
| 6 | गोवा | 10,382 | 4,179 | 337 | 1.31 |
| 7 | गुजरात | 1,195,072 | 315,458 | 287,814 | 1,348.69 |
| 8 | हरियाणा | 435,772 | 147,844 | 14,291 | 45.53 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 152,700 | 3,913 | 430 | 1.38 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 288,873 | 8,514 | 333 | 1.08 |
| 11 | झारखंड | 251,006 | 5,930 | 72 | 0.16 |
| 12 | कर्नाटक | 507,749 | 110,680 | 5,139 | 18.71 |
| 13 | केरल | 248,521 | 87,432 | 52,993 | 283.72 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 527,835 | 43,789 | 18,542 | 108.53 |
| 15 | महाराष्ट्र | 1,605,348 | 485,397 | 127,361 | 454.74 |
| 16 | मणिपुर | 2,559 | 546 | 64 | 0.33 |
| 17 | मेघालय | 7,875 | 1,444 | 14 | 0.06 |
| 18 | मिजोरम | 2,989 | 556 | 52 | 0.15 |
| 19 | नागालैंड | 1,191 | 232 | 6 | 0.02 |
| 20 | ओडिशा | 1,268,377 | 75,665 | 1,050 | 5.17 |
| 21 | पंजाब | 118,014 | 9,730 | 3,586 | 15.81 |
| 22 | राजस्थान | 494,854 | 202,715 | 18,841 | 105.04 |
| 23 | सिक्किम | 422 | 29 | 1 | - |
| 24 | तमिलनाडु | 965,642 | 74,851 | 20,299 | 60.99 |
| 25 | तेलंगाना | 119,729 | 19,140 | 7,602 | 19.69 |
| 26 | त्रिपुरा | 9,930 | 979 | 77 | 0.36 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 2,263,643 | 568,676 | 53,801 | 287.21 |
| 28 | उत्तराखंड | 147,354 | 26,183 | 9,589 | 51.18 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 355,910 | 25,028 | 249 | - |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1,017 | 81 | 1 | - |
| 31 | चंडीगढ़ | 4,744 | 920 | 320 | 0.19 |
| 32 | दादर नगर हवेली तथा दमन और दीव | 4,385 | 145 | 33 | 0.19 |
| 33 | लद्दाख | 2,983 | 383 | 139 | 0.63 |
| 34 | लक्षद्वीप | 674 | 285 | 88 | 0.29 |
| 35 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 23,258 | 6,611 | 1,944 | 3.45 |
| 36 | पुडुचेरी | 19,455 | 974 | 445 | 2.27 |
| | कुल | 14,574,011 | 2,649,636 | 638,352 | 2,864.82 |

*****